पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने साहित्यकार मुद्रा राक्षस के निधन पर दुःख व्यक्त किया

लखनऊः 13 जून, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने हिन्दी के वरिष्ठ साहित्यकार श्री मुद्रा राक्षस के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

राज्यपाल ने अपने शोक सन्देश में कहा है कि श्री मुद्रा राक्षस ने हिन्दी साहित्य में बहुमूल्य योगदान दिया। वे कई प्रतिष्ठित समाचार पत्रों से जुडे रहे तथा उन्हें अनेक सम्मान भी प्राप्त हुए। राज्यपाल ने कहा कि श्री मुद्रा राक्षस का निधन हिन्दी साहित्य क्षेत्र की अपूर्णनीय क्षति है।

राज्यपाल ने अपने शोक सन्देश में दिवंगत आत्मा को सद्गति प्रदान करने की कामना करते हुए परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की है।

अंजुम/ललित/राजभवन (206/9)